# VAISH COLLEGE,BHIWANI

**(AFFILIATED TO CHAUDHARY BANSILAL UNIVERSITY,BHIWANI)**

**7.1.9:-Sensitization of students and employees of the Institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens**

# Steps for sensitizing employee and students

- Displaying code of conduct at college website and library.
- Organizing extension Lectures.
- Cultural activities.
- Celebrating voters’ day.
- Celebrating constitution day.
- Sensitizing programme on gender equality.
- Women day celebration.

दैनिक भास्कर

# साइबर अपराध के प्रति सचेत रहें और साइबर सेफ रहें : डॉ. राजश्री

## साइबर क्राइम के प्रति युवाओं को सजग रहने की आवश्यकता पर जोर

भास्कर न्यूज|भिवानी



भिवानी। वैश्य महाविद्यालय में अतिथि को सम्मानित करते एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता व गणमान्य नागरिक।

आज के इस तकनीकी युग में तरह-तरह के साइबर अपराध सामने आ रहे हैं, जिनके प्रति हमें सचेत रहने की आवश्यकता है। क्योंकि साइबर अपराध किसी भी व्यक्ति के साथ हो सकता है। इसलिए खुद को साइबर अपराधों के प्रति सचेत रखें।

यह बात वैश्य महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा द्वारा प्रायोजित व महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ व महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-I के संयुक्त तत्वावधान में एक संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि गुरुग्राम अपराध शाखा की आईजी डॉ. राजश्री ने कही। संगोष्ठी का विषय साइबर अपराध को रोकने के लिए शक्तिशाली हथियार-जन जागरूकता विषय था। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि युवा वर्ग अपने हुनर को पहचान कर सही समय पर मेहनत करें तो वह अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर आराम भरी जिंदगी जी सकता है। उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत अपने हरियाणवी अंदाज राम-राम के साथ की। उन्होंने विद्यार्थियों को माता-पिता के प्रति उनकी जिम्मेदारी समझाते हुए उनको सम्मान देने की बात कही। उन्होंने महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट सीखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि फेसबुक इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म प्लेटफार्म जहां हमारे लिए उपयोगी है वहीं दूसरी तरफ थोड़ी सी लापरवाही हमें बहुत बड़ी मुसीबत में डाल सकती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्चतर शिक्षा विभाग के उप निदेशक डॉ. दिनेश शर्मा रहे। मुख्य वक्ता के रूप में भारत सरकार के गृह विभाग के साइबर अपराध संकाय के सदस्य गुरुचरण सिंह ने शिरकत की। संगोष्ठी में रिसोर्स पर्सन के रूप में अधिकारी अशोक सांगवान, भारत सरकार के विदेश मंत्रालय से जुड़े अधिकारी अनूप सिंह एवं हरियाणा पुलिस के साइबर विशेषज्ञ संदीप कुमार शामिल हुए।

संगोष्ठी के सायं कालीन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के रजिस्ट्रार डॉ. सुनील गुप्ता एवं वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के महासचिव डॉ.पवन बुवानीवाला, विशिष्ट अतिथि के रूप में वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव सुरेश गुप्ता व गुरुग्राम के क्राइम इंस्पेक्टर मनोज वर्मा ने शिरकत की। राष्ट्रीय संगोष्ठी के संरक्षक-इन-चीफ वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता व महासचिव सुरेश गुप्ता रहे।

**A Program on Awareness about Cyber Security**

जीन्द, बुधवार 29 मार्च, 2023
www.jagatkranti.co.in

# साक्षरता स्वच्छता और स्वास्थ्य की सीढ़ी है स्वावलंबन : डॉ. अनायत

■ वैश्य महाविद्यालय भिवानी में हुआ बहुविषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

जगत क्रान्ति ►► भिवानी (ब्यूरो)



साक्षरता स्वच्छता और स्वास्थ्य की सीढ़ी स्वावलंबन है जो कि स्वच्छता, स्वास्थ्य और साक्षरता की त्रिवेणी से आता है। इन चारों लक्ष्यों के संकल्प की पूर्ति से ही सृष्टि स्वर्ग बनती है। यह बात यहां वैश्य महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा द्वारा प्रायोजित व महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-दो के द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता, स्वस्थता, साक्षरता एवं आत्मनिर्भरता का मूल्यांकन विषय पर आयोजित बहुविषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सोनीपत के कुलपति प्रो. डॉ. राजेंद्र कुमार अनायत ने अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा किहम सबका एक ही सपना है कि हमारा देश स्वच्छ-स्वस्थ-साक्षर-आत्मनिर्भर बने।

वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी करना वैश्य महाविद्यालय के लिए बहुत गौरव का विषय है। उन्होंनें कहा कि साक्षरता मानव जीवन को समृद्ध करती है और मानव को ऐसे कौशल विकसित करने के अवसर प्रदान करती है, जो उसे आत्मनिर्भर बनाने में मदद करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को इतना सक्षम, प्रबुद्ध और कुशल बनना चाहिए कि वह अपने विकास के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय विकास में भी अपना योगदान दे सके।

भिवानी के विधायक ट्रस्टी घनश्याम सर्राफ ने कहा कि मनुष्य ईश्वर की सबसे सुंदर रचना है। मानव जीवन में सुख की प्राप्ति तभी संभव है जब हम स्वच्छता-स्वास्थ्य-साक्षरता और स्वावलंबन की अमूल्य पूंजी के प्रति जागरूक रहकर मानव धर्म का निर्वहन करें। संगोष्ठी में मुख्यवक्ता के रूप में यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्टो पुर्तगाल से डॉ. चंचल, ऊष्क यूनिवर्सिटी तुर्की से डॉ. संजय तनेजा, ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी हिसार से प्रो. महेंद्र पुनिया एवं एम.एम. कॉलेज फतेहाबाद के प्राचार्य डॉ. गुरुचरण दास ने शिरकत करते हुए संगोष्ठी को संबोधित किया। संगोष्ठी की संरक्षक डॉ. कामना कौशिक ने बताया कि आज की अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 300 प्रतिभागियों ने संगोष्ठी में सहभागिता करते हुए 230 शोधार्थियों व 140 विद्यार्थियों ने स्वच्छ- स्वस्थ- साक्षर- आत्मनिर्भर विषय पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

**International Seminar on evaluation of Cleanliness, Health, Literacy and Self-Reliance**


विद्यार्थियों ने खुशी जताई है।

जीन्द, शनिवार 25 मार्च, 2023
www.jagatkranti.co.in

# फाइनेंस क्षैत्र में जॉब की संभावनाएं विषय पर सेमिनार आयोजित

जगत क्रान्ति ▸▸ भिवानी

वैश्य महाविद्यालय के स्वपोषित विभाग की पेलेसमेंट सेल एवं हीरो मोटर कॉम के जया ऑटो मोबाइलस के तत्वावधान, में फाइनेंस क्षैत्र में जॉब की संभावनाएं विषय पर सेमिनार का आयोजन स्वपोषित विभाग में किया गया। इस अवसर पर वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल,महाविद्यालय के स्वपोषित विभाग की डॉयरेक्टर डॉ.प्रोमिला सुहाग, हीरो मोटर कॉम के जया ऑटो मोबाइलस की एच आर हैड पायल शर्मा ने शिरकत की। सेमिनार का आयोजन वैश्य महाविद्यालय के स्वपोषित विभाग की पेलेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ.विष्णुकांत, रितेश गोयल द्वारा किया गया।



इस अवसर पर अपने संबोधन में प्राचार्य डा. संजय गोयल ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्र छात्राओं के लिए एक प्रेरणा का कार्य करतें हैं। जाब से संबंधित सेमिनार विद्यार्थियों के भविष्य को बनाने के लिए एक बेहतरीन कदम हैं। शिक्षक वर्ग को चाहिए कि वो अपने छात्र छात्राओं को समय-समय पर ऐसे सेमिनार में भाग लेने के लिए प्रेरित करते रहे जिससे विद्यार्थियों को अपने करियर के बारे में कोई भी संशय ना रहे। स्वपोषित विभाग की डॉयरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं को अच्छी सोच मेहनत एवं लगन से आगे बढ़ते हुए अपने केरियर के प्रति सदैव जागरूक रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम समय-समय पर विद्यार्थियों के लिए जाब से संबंधित सेमिनार का आयोजन करवाते रहते है ताकि विद्यार्थियों को अपने करियर के बारे में कोई भी संशय ना रहे। हीरो मोटर कॉम के जया ऑटो मोबाइलस की एच आर हैड पायल शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को वित्तीय क्षेत्र के जॉब से संबंधित जिज्ञासाओं के मार्गदर्शन के लिए इस सेमिनार का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, महाविद्यालय के डिपार्टमेंट आफ मैनेजमेंट एंड कम्प्यूटर साइंस विभाग की डॉयरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग, डॉ. विष्णुकांत, रितेश गोयल, डॉ. सतबीर सिंह, रिंकू, तनु शर्मा, सौरभ, शिवराज, पुनम तलवार, ओयशा सहित महाविद्यालय परिवार के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

**Seminar on job possibilities in finance sector**

हरिभूमि

## एनसीसी यूनिट ने पौधरोपण कार्यक्रम का किया आयोजन

# वृक्षों की अंधाधुंध कटाई विनाश का कारणः डॉ. गोयल

- एनसीसी यूनिट ने लाला लाजपत राय चौक पर लगी लाला जी की प्रतिमा को लिया गोद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

वृक्ष जीवन का मूल आधार हैं। संसार के प्रत्येक जीव का जीवन वृक्षों और पौधों से जुड़ा हुआ हैं। आज बढ़ रहे प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण का संरक्षण करना भी बहुत जरूरी है, इसके लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने की जरूरत है। ये बात वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट द्वारा नए वित्तीय वर्ष के आगमन पर पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कही। डॉ. गोयल ने कहा कि आज वृक्षों की अंधाधुंध कटाई के कारण विनाशक परिणाम सामने आ रहे हैं, इसी कारण हमें घटता-बढ़ता तापमान, आंधी, तूफान, बाढ़, सूखा, भूमिक्षरण, जैसी विभिषिकाओं से जूझना पड़ रहा हैं। कॉलेज की एनसीसी यूनिट ने नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत में प्राचार्य के सानिध्य एवं एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष एवं डॉ. रीना के मार्गदर्शन में पौधरोपण किया और नीम, पीपल व कनेर के पौधे लगाए। इस अवसर पर डॉ. सुधा चौहान, डॉ. हरिकेश पंघाल, कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।



भिवानी। वैश्य कॉलेज में पौधरोपण करते प्राचार्य डॉ. संजय गोयल व अन्य।

### लाला लाजपत राय की प्रतिमा की साफ सफाई की

11 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रघुवीर सिंह के निर्देशानुसार देशभक्तों की प्रतिमाओं को गोद लेने की कड़ी में एनसीसी यूनिट ने लाला लाजपत राय चौक पर लगी लाला लाजपत राय जी की प्रतिमा को गोद लिया व प्रतिमा की साफ सफाई की। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष एवं डॉ. रीना ने कैडेट्स को पौधरोपण के महत्त्व के बारे में बताया।

**Awareness drive for indiscriminate cutting of trees**

जीन्द, रविवार 2 अप्रैल, 2023
www.jagatkranti.co.in

# प्रकृति संरक्षण जन जागरूकता से ही संभव : डॉ संजय गोयल

जगत क्रान्ति ⏭ भिवानी (ब्यूरो)



पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें अपना यथा संभव योगदान देना होगा। सही मायनों में इस अभियान को तभी सार्थक माना जा सकता है जब हर इन्सान पर्यावरण को बचाने में किसी न किसी रूप से अपना योगदान दे वास्तव. में प्रकृति संरक्षण जन जागरूकता से ही संभव है यह बात स्थानीय वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनएसएस इकाई दो के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण विषय पर आयोजित एक दिवसीय शिविर के शुभारंभ अवसर पर वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कहा कि प्रकृति मनुष्य से नहीं, बल्कि मनुष्य प्रकृति से है।सच पूछिए तो पर्यावरण की सुरक्षा से बढ़कर आज कोई पूजा नहीं है।

प्रकृति का सम्मान ईश्वर के प्रति सच्ची श्रद्धा होगी। वैश्य महाविद्यालय की एनएसएस इकाई दो के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा नेहरा की देखरेख में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा नेहरा स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा की जिस तरह से प्रदूषण बढ़ रहा है यह सबसे बड़ी चिंता का विषय है। इस मौके पर डॉ. सुधा चौहान, डॉ. नरेंद्र चाहर, धीरज त्रिखा, डॉ. हरकेश पंघाल डॉ, पवन गुप्ता, डॉ. सरिता गोयल, डॉ. सुरुचि गुप्ता, डॉ. मोनिका मित्तल आदि स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**Awareness Program on Nature Conservation**

पंजाब केसरी

# व्यक्तित्व विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका : मनोज

भिवानी, 6 अप्रैल (ब्यूरो) : वैश्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक ने प्राचार्य डा. संजय गोयल के दिशा निर्देश में विकास और शांति के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया।

मुख्यातिथि अतिरिक्त उपायुक्त मनोज दलाल ने स्वयं सेवकों को अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि व्यक्तित्व विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिस तरह दिमाग का सही विकास के लिए शिक्षा जरूरी है, उसी तरह शारीरिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण हैं।

शिक्षा के माध्यम से हम टीम भावना नहीं सीख सकते, लेकिन खेल से यह संभव है। लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है। ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है। जीवन में सफलता के लिए शरीर का स्वास्थ्य आवश्यक है।



*कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ मुख्यातिथि अतिरिक्त उपायुक्त मनोज दलाल व प्राचार्य।*

प्राचार्य डा. संजय गोयल ने मुख्यातिथि मनोज दलाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि खेल मानव जीवन के विकास का आधार एवं बाल जीवन का प्राण तत्व और मूल अधिकार है। स्वयं सेवकों में हिमांशु भारद्वाज, सूरज, निकिता, ज्योत्सना, गौतम, इमरान खान, विनय, जतिन, उदित, देवांशु, अर्जुन, आदि ने विभिन्न क्रीड़ाओं में भाग लिया। रेस में प्रथम सूरज, द्वितीय भावना एवं तृतीय स्थान हिमांशु ने प्राप्त किया। लूडो में गौतम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैरम में ज्योत्सना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्सा-कस्सी में निकिता टीम विजेता रही। उदित ने स्लो रेस में बाजी मारी।

**NSS Program on Awareness on importance of sports**

दैनिक जागरण हिसार, 13 अप्रैल, 2023

# विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें : मनोज दलाल

- वैश्य महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा लक्ष्य निर्धारण कामयाबी की अहम कड़ी विषय पर एक सेमिनार का आयोजन


जागरण संवाददाता, भिवानी: वैश्य महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा लक्ष्य निर्धारण कामयाबी की अहम कड़ी विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के पूर्व छात्र सीइओ मनोज दलाल ने शिरकत की। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव सुरेश गुप्ता उपस्थित रहे। सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव सुरेश गुप्ता, सेमिनार में मुख्य वक्ता मनोज दलाल, महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय गोयल, डा.सुधा रानी, डा. नरेंद्र सिंह, स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डा. प्रोमिला सुहाग एवं सेमिनार के संयोजक डा. पवन गुप्ता द्वारा किया गया। सेमिनार में मंच का सफल संचालन डा. वंदना वत्स द्वारा किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता मनोज दलाल ने कहा कि विद्यार्थी वर्ग समय प्रबंधन के साथ अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े तभी जीवन में बुलंदियों को पाया जा सकता है। प्रबन्ध समिति के महासचिव सुरेश गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी शिक्षकगण एवं माता पिता के दिखाए गए मार्ग का अनुशरण करते हुए आगे बढ़े तभी लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता हैं इस अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक की प्रभारी डा. कामना कौशिक, इकाई दो की प्रभारी आशा नेहरा, डा. मधु गुप्ता, डा. श्रुति, डा. विपिन गुप्ता,कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज सहित महाविद्यालय के सभी सदस्य उपस्थित रहे।




वैश्य कालेज मे आयोजित सेमिनार में अतिथियों को सम्मानित करते हुए। • विज्ञप्ति

**Seminar on “Setting Goal is the Link to Success”**

## हरिभूमि



## 55 युवाओं ने किया रक्तदान

भिवानी। वैश्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2 के द्वारा जलियांवाला बाग त्रासदी के शहीदों को श्रद्धांजलि देने एवं बाबा साहेब आंबेडकर जयंती पर सेमिनार हाल में रक्तदान शिविर लगाया, जिसमें 55 युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य, डॉ. पवन बुवानीवाला, विजय किशन अग्रवाल, डॉ. मोनिका, प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, डॉ. नरेंद्र चाहार, डॉ. आशा नेहरा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने 13 अप्रैल 1919 को ब्रिटिशों के अत्याचारों की पराकाष्ठा के प्रतीक जलियांवाला बाग कांड के स्मृति दिवस पर देश की आजादी के लिए प्राणों की आहुति देने वाले अमर बलिदानियों को नमन किया और कहा कि वीर शहीदों के बलिदान दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन एक पुण्य का कार्य है। सिविल सर्जन डॉ. शांडिल्य ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं है, ये सत्कर्म है, इसे बार-बार करते रहना चाहिए।



*शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर शांडिल्य।*

### सबसे बड़ा दान होता है रक्तदान : गुप्ता

भिवानी, 13 अप्रैल (ब्यूरो): वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 के द्वारा जलियांवाला बाग त्रासदी के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए एवं अम्बेदकर जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के सैमीनार हाल में रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय गोयल के सानिध्य में एन.एस.एस. ईकाई-2 की प्रभारी डा. आशा नेहरा के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष अधिवक्ता शिवरत्न गुप्ता, महासचिव डा. पवन बुवानी वाला ट्रस्टी विजय किशन अग्रवाल, चिकित्सा अधिकारी डा.रघुवीर शांडिल्य, डा.मोनिका, महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय गोयल, डा. नरेंद्र चाहार, डा. आशा नेहरा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया। रक्तदान शिविर में 55 युवाओं ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया जिसमें से चौधरी बंसीलाल समान्य अस्पताल की टीम ने रक्तदान शिविर में 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया। रक्तदान शिविर में रक्तदान डा. मोनिका व उनके स्टाफ की देख रेख में किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष अधिवक्ता शिवरत्न गुप्ता ने 13 अप्रैल 1919 को ब्रिटिशों के अत्याचारों की पराकाष्ठा के प्रतीक जलियांवाला बाग कांड के स्मृति दिवस पर देश की आजादी के लिए प्राणों की आहुति देने वाले अमर बलिदानियों को नमन करते हुए कहा कि वीर शहीदों के बलिदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन एक पुण्य का कार्य है।

## पंजाब केसरी

### रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं: डॉ. रघुबीर शांडिल्य



भिवानी| वैश्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2 के द्वारा जलियांवाला बाग त्रासदी के शहीदों को श्रद्धांजलि देने एवं अंबेडकर जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में रक्तदान शिविर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता, महासचिव डॉ. पवन बुवानी वाला ट्रस्टी विजय किशन अग्रवाल, डॉ. रघुबीर शांडिल्य, डॉ. मोनिका, प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, डॉ. नरेंद्र चाहर, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2 की प्रभारी डॉ.आशा नेहरा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करते हुए किया। 55 युवाओं ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया जिसमें सामान्य अस्पताल की टीम ने 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर में रक्तदान डॉ. मोनिका व स्टाफ की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।


## दैनिक भास्कर

हिसार, शुक्रवार 14 अप्रैल, 2023


**Blood Donation Camp**

जीन्द, शनिवार 15 अप्रैल, 2023
www.jagatkranti.co.in

# अधिकार और कर्तव्य एक-दूसरे के पूरक : डॉ गोयल

जगत क्रांति ▶▶ भिवानी (ब्यूरो)

वैश्य महाविद्यालय भिवानी प्राचार्य डॉ. संजय कुमार गोयल के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कामना कौशिक द्वारा एन एस एस एवं हॉबी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयन्ती पर विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ संजय कुमार गोयल ने वर्चुअल रूप से स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. बाबासाहब अंबेडकर लोकप्रिय, भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया था। लोकतंत्र का महत्त्व केवल राजनीतिक क्षेत्र में ही नहीं बल्कि व्यक्तिगत, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में भी है। अतः सर्व उत्थान की भावना उनके विचारों में प्रतिबिंबित है। सर्व उत्थान की भावना के



साथ आज 132 स्थानों पर 132 स्वयंसेवकों द्वारा एकसाथ वृक्षारोपण कार्यक्रम उन्हें नमन करते हुए आयोजित किया गया है। प्राचार्य डॉ संजय कुमार गोयल ने डॉ. अम्बेडकर के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि अधिकार क़ानून के माध्यम भर से संरक्षित नहीं होते हैं।

हरिभूमि

## अधिकार एवं कर्तव्य एक-दूसरे के पूरक : गोयल

भिवानी। वैश्य महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कामना कौशिक ने एनएसएस एवं हॉबी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयन्ती पर विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने वर्चुअल रूप से स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ व समाज सुधारक थे।

**Awareness on Human Rights and Duties**

जीन्द, रविवार, 16 अप्रैल, 2023
www.jagatkranti.co.in

# समानता और न्याय का प्रतीक थे डॉ. बीआर अम्बेडकर : डॉ. गोयल

**जगत क्रान्ति ⏩ भिवानी/ब्यूरो**

बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर को समानता और न्याय का प्रतीक माना जाता है। वह एक महान सामाजिक कार्यकर्ता थे। जिन्होंने सभी भारतीयों में समानता लाने के लिए कड़ी मेहनत की यह बात स्थानीय वैश्य महाविद्यालय भिवानी के राजनीतिक शास्त्र विभाग द्वारा डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की 104वीं जयंती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित इंट्राक्लास निबंध प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि डॉ. बी.आर.अम्बेडकर स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे।



उन्होंने अपना पूरा जीवन सभी वर्गों की भलाई, महिलाओं और मजदूरों के उत्थान के लिए न्यौछावर कर दिया।प्राचार्य ने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक होती हैं। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. रतन सिंह एवं आयोजन सचिव डॉ. रीना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सदैव शिक्षित बनो संगठित रहो और आगे बढ़ो का नारा देकर आगे बढ़े। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र अंचल ने प्रथम स्थान, बी.ए प्रथम वर्ष की छात्रा तमन्ना ने द्वितीय स्थान व बी.ए तृतीय वर्ष के छात्र प्रवेश व बी.ए प्रथम वर्ष की छात्रा सुशीला ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. रतन सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगी स्टाफ सदस्यों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

**Awareness Program on Equality and Justice**

दैनिक जागरण हिसार, 22 अप्रैल, 2023

# कालेज में एंटी रैगिंग के प्रति कानूनी जागरूकता पर सेमिनार किया

जासं, भिवानी : वैश्य महाविद्यालय के प्रांगण में वैश्य महाविद्यालय की कानूनी जागरूकता सेल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में "एंटी रैगिंग के प्रति कानूनी जागरूकता" विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पैनल अधिवक्ता किरण जांगड़ा ने एंटी रैगिंग के प्रति कानूनी अधिकारों की बारीकियों की जानकारी दी। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पैनल अधिवक्ता किरण जांगड़ा, प्राचार्य डा. संजय गोयल, महाविद्यालय की कानूनी जागरूकता सेल के संयोजक डा. रतन सिंह, विधिक स्वयं सेवक राजेश बिष्ट व यशवीर ने विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग के प्रति कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। सेमिनार के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पैनल अधिवक्ता किरण जांगड़ा ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए।

**Seminar on Legal Awareness about Anti-Ragging**

पंजाब केसरी

## नशे की लत से परिवार और समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है : डा. संजय



नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम का समर्थन करते हुए प्राचार्य डा. संजय गोयल व अन्य।

भिवानी, 18 अप्रैल (ब्यूरो): किसी एक व्यक्ति की नशे की लत से परिवार और समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है इसलिए किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना ही इसका सर्वोत्तम इलाज है।

कुछ बीमारियों का इलाज ही बचाव है, जबकि कुछ बीमारियों से बचाव ही उनका इलाज है। नशे की आदत को छोड़ने के लिए पीड़ित को ऐसे लोगों के साथ ज्यादा समय बिताना चाहिए, जो नशा न करते हों व साथ ही सकारात्मक विचार रखते हों। यह बात वैश्य महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. संजय गोयल ने आजाद सेना द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम का समर्थन करते हुए कही।

आजाद सेना के संस्थापक व अधिवक्ता कुलदीप शर्मा द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम धीरे-धीरे रंग ला रही है। इस मुहिम से कई सामाजिक संस्थाएं, स्कूल, कॉलेज, महाविद्यालय सहित अन्य संगठन भी जुड़कर इसको सार्थक करने में लगे हुए हैं।

इस अवसर पर प्रवक्ता मुकेश गोयल, कमल भारद्वाज सुपरिंटेंडेंट, रितेश गोयल प्रवक्ता, महेंद्र पवार प्रवक्ता इतिहास, अधिवक्ता प्रदीप, अधिवक्ता शंकर, योगेश ढिकाव, मनोज बाल्मीकि, साहिल राठौड़, विशाल भाटी आदि ने नशा मुक्ति अभियान मुहिम में अपना सहयोग दिया।

amarujala.com
अमर उजाला
भिवानी ■ बुधवार, 19 अप्रैल 2023

## नशे के खिलाफ मुहिम का किया समर्थन



भिवानी। वैश्य महाविद्यालय के प्रधानाचार्य संजय गोयल ने आजाद सेना की ओर से नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम का समर्थन किया। आजाद सेना के संस्थापक व अधिवक्ता कुलदीप शर्मा द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम धीरे-धीरे रंग ला रही है। इस मुहिम से कई सामाजिक संस्थाएं, स्कूल, कॉलेज, महाविद्यालय सहित अन्य संगठन भी जुड़कर कर इसको सार्थक करने में लगे हुए हैं। इस अवसर पर प्रवक्ता मुकेश गोयल, कमल भारद्वाज, रितेश गोयल प्रवक्ता, महेंद्र पवार, एडवोकेट प्रदीप, एडवोकेट शंकर उपस्थित रहे। संवाद

दैनिक जागरण
रविवार, 16 अप्रैल, 2023

### समानता और न्याय का प्रतीक थे बाबा साहेब : गोयल

भिवानी, (वि.) : बाबा साहेब डा.भीम राव अंबेडकर को समानता

**Awareness campaign on Anti-Drug**

हरिभूमि

# जल संरक्षण की दिशा में सांझे प्रयास करने होंगे: एडीसी

- जल संरक्षण जन जागरूकता से ही संभव: शिवरत्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

ग्लोबल वार्मिंग के चलते प्रशासन एवं समाज को मिलकर पर्यावरण व जल संरक्षण की दिशा में सांझे प्रयास करने होंगे तभी इस तरह के आयोजनों की सार्थकता सिद्ध हो सकती है। यह बात उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के तत्वावधान में वैश्य महाविद्यालय भिवानी और बी एल जे एसए कॉलेज, तोशाम के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा वैश्य महाविद्यालय में हुआ जल संरक्षण विषय पर इंटर कॉलेज प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने कही। उन्होंने कहा कि



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

बारिश के पानी के तो रिसाइकिल प्रोसेस अपनाकर जल को संरक्षित किया जा सकता है।

जल के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है, इसलिए जल को जीवन का मुख्य आधार माना गया है। प्रत्येक व्यक्ति को जल के महत्व को समझते हुए इसे व्यर्थ बहाने से बचना चाहिए और जल संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए उन्होंने कहा कि जल संरक्षण जन जागरूकता से ही संभव है। कार्यक्रम का शुभारंभ भिवानी के अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ, वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता,

## स्पर्धा में सात कॉलेजों के प्रतिभागियों ने लिया भाग

आज की प्रतिस्पर्धा में भिवानी जिले के 7 महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका शिक्षक तरुण, मनोज भाटी एवं योगेश ने निभाई। समारोह में मंच का सफल संचालन दीपक रोहिल्ला ने किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में वैश्य महाविद्यालय की छात्रा खुशी जांगड़ा ने प्रथम, आदर्श महिला महाविद्यालय की छात्रा दिव्या ने द्वितीय, व वैश्य महाविद्यालय के छात्र शिवम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महासचिव डॉ. पवन बुवानी वाला, वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव सुरेश गुप्ता, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया।

**Awareness on Water Conservation**

दैनिक जागरण हिसार, 23 अप्रैल, 2023

## पौधारोपण पृथ्वी को बचाने का बेहतर माध्यम : गोयल

जासं, भिवानी : पृथ्वी को हरा भरा करना है तो हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने चाहिए। यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी में पृथ्वी दिवस के अवसर पर एनएसएस इकाई दो द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के शुभारम्भ अवसर पर स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय गोयल ने कही। उन्होंने कहा कि पेड़ों से ही हमारी जिंदगी है।कार्यक्रम अधिकारी डा. आशा रानी के मार्गदर्शन में पृथ्वी संरक्षण विषय पर स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा .आशा नेहरा ने चिपको आंदोलन का उदाहरण दिया। डा. सविता जैन व डा. विपिन गुप्ता ने विद्यार्थियों को धरती दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि पृथ्वी बहुत व्यापक शब्द है जिसमें जल, हरियाली, वन्यप्राणी, प्रदूषण और इससे जुड़े अन्य कारक भी हैं। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. सविता जैन, डा. विपिन गुप्ता ने निभाई।



वैश्य कालेज में विश्व पृथ्वी दिवस पर स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे स्टाफ के साथ। ● विज्ञप्ति।

**Awareness Program on Plantation**

दैनिक भास्कर

# पर्यावरण व जल संरक्षण की दिशा में करने होंगे साझे प्रयास : डॉ. हरीश

## पोस्टर मेकिंग में खुशी जांगड़ा और रंगोली प्रतियोगिता में स्वीटी रही प्रथम

भिवानी । ग्लोबल वार्मिंग के चलते प्रशासन एवं समाज को मिलकर पर्यावरण व जल संरक्षण की दिशा में साझे प्रयास करने होंगे तभी इस तरह के आयोजनों की सार्थकता सिद्ध हो सकती है।

यह बात वैश्य महाविद्यालय और बीएलजेएस कॉलेज तोशाम के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा जल संरक्षण विषय पर इंटर-कॉलेज प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए एडीसी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कही। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी के तो रिसाइक्लिंग प्रोसेस अपनाकर संरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वह रियल एजुकेशन की ओर फोकस करते हुए अपने लक्ष्य पर आगे बढ़े। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है, इसलिए जल को जीवन का मुख्य आधार माना गया है। प्रत्येक व्यक्ति को जल के महत्व को समझते हुए इसे व्यर्थ बहाने से बचना चाहिए और जल संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल व डॉ. राकेश भारद्वाज ने कहा कि हमारी पृथ्वी पर पेयजल के स्त्रोत सीमित है। उन्होंने जल संरक्षण की दिशा में सभी को एकजुट प्रयास करने की अपील की।



वैश्य कॉलेज में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते एडीसी डॉ. हरीश।

### ये रहा परिणाम..

प्रतिस्पर्धा में जिले के 7 महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका शिक्षक तरूण, मनोज भाटी एवं योगेश ने निभाई। प्रेस प्रवक्ता ललित शर्मा ने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में वैश्य महाविद्यालय की छात्रा खुशी जांगड़ा ने प्रथम, आदर्श महिला महाविद्यालय की छात्रा दिव्या ने द्वितीय व वैश्य महाविद्यालय के छात्र शिवम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में पंडित सीताराम शास्त्री शिक्षण महाविद्यालय भिवानी की छात्रा स्वीटी ने प्रथम, वैश्य महाविद्यालय की छात्रा पूजा ने द्वितीय व राजीव गांधी महिला महाविद्यालय की छात्रा अनीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**Awareness Program on Nature and Water Conservation**

शुक्रवार • 27.05.2022
अमर उजाला

# बौद्धिक संपदा अधिकार पर डॉ. हरीश कुमार ने किया जागरूक



वैश्य महाविद्यालय में अतिथि को सम्मानित करते प्राचार्य संजय गोयल। विज्ञप्ति

**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से वीरवार को बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला की गई। कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रो. हरीश कुमार ने विद्यार्थियों को जागरूक किया।

मुख्य वक्ता का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, कार्यशाला के संयोजक डॉ. सतीश कुमार, डॉ. कृष्ण कुमार व डॉ. मनीष कुमार ने किया। मंच संचालन डॉ. हरिकेश पंघाल ने किया। प्रो. डॉ. हरिश कुमार ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार आपके शोध, अविष्कार या रचनाओं को हमेशा के लिए आपकी बनाता है। इस अधिकार की जानकारी हमारी बौद्धिक क्षमताओं से उपजी किसी भी कृति को चोरी होने से और उसके गलत इस्तेमाल से भी बचाती है।

प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि आज के इस सोशल मीडिया के युग में बौद्धिक संपदा अधिकार को जानना अति आवश्यक है, क्योंकि इस अधिकार के संरक्षण में ही हम अपनी रचनाओं को सुरक्षित रख पाएंगे। कार्यशाला में 80 प्राध्यापकों ने अपना पंजीकरण करवाया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. सुधा चौहान, डॉ. नरेंद्र सिंह, स्वपोषित विभाग की निर्देशिका डॉ. प्रोमिला सुहाग, डॉ. सविता जैन, डॉ. सरिता गोयल, डॉ. मधु गुप्ता, डॉ. रीना रानी, प्रो. धीरज, डॉ. अनिल, मंगतराम, सुनील, राजकुमार उपस्थित रहे। संवाद

**Workshop on Intellectual property rights**

जीन्द, गुरूवार 25 अगस्त, 2022
www.jagatkranti.co.in

# एचआईवी, एड्स एवं कोविड-19 जैसी बीमारी से सतर्क रहना जरूरी : डॉ. गोयल

जगत क्रान्ति ⏭ भिवानी

एच.आई.वी.,एड्स एवं कोविड-19 एक घातक विषाणु बीमारी है। इससे हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है तभी राष्ट्रहित में अपना योगदान दिया जा सकता है। यह बात वैश्य महाविद्यालय, भिवानी के रैड रिबन क्लब के तत्वावधान में महाविद्यालय प्रांगण में एच.आई.वी., एड्स एवं कोविड-19 के विषय पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कही। उन्होंने कहा कि विभिन्न बिमारियों और इसके प्रसार को रोकने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित सावधानियाँ बरतते हुए दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करना होगा जिससे कि आप, मैं और पूरा राष्ट्र स्वस्थ व सुखी रह सके।



आज वैश्य महाविद्यालय, भिवानी के रैड रिबन क्लब के तत्वावधान में 1 से 31 अगस्त तक चलाई गई गतिविधियों के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में एच.आई.वी., एड्स एवं कोविड़-19 के विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

रैड़ रिबन क्लब की संयोजक डॉ. श्रुति रानी की देखरेख में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने एच.आई.वी. एड्स, कोविड-19 विषय पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

**Questionnaire to spread awareness on H.I.V, Aids, and Covid-19**

हरिभूमि

## राज्य स्तरीय ऑन -लाइन लेखन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

# आदर्श महिला महाविद्यालय की छात्रा कुमारी गुलशन प्रथम

- विद्यार्थी गणित का जितना अभ्यास करोगे उतना सिखेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

वैश्य महाविद्यालय भिवानी के गणित विभाग के तत्वावधान में गणित में महिलाएं प्रगति और चुनौती विषय में राज्य स्तरीय ऑन - लाइन लेखन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण आयोजित किया गया । इस अवसर पर वैश्य महाविद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष डॉ. पवन कुमार बुवानीवाला, प्रबंध समिति के महासचिव सुरेश गुप्ता, प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर कई कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय दिया । इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष डॉ. पवन कुमार बुवानीवाला ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गणित का जितना अभ्यास करोगे उतना ही सिखेंगे। विद्यार्थियों को नियमित रूप से अभ्यास करना चाहिए।



भिवानी। विजेता छात्रा को सम्मानित करते पदाधिकारी व स्टॉफ सदस्य।

### विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया

गुप्ता ने विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में इस तरह की प्रतियोगिताओं में सदैव भाग लेना चाहिए ताकि उनका बहुमुखी विकास हो सके। इसी कड़ी में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी विषय पर मजबूत पकड़ उन्नति के नए मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में हार या जीत एक प्रकिया है लेकिन विद्यार्थी व खिलाड़ी की जीत तो उसी समय निश्चित हो जाती है जब वो किसी खेल या इस प्रकार की प्रतियोगिता का हिस्सा बनता है। उन्होंने कहा कि अधिकतर बार ऐसा होता है कि डर की वजह से विद्यार्थी इस तरह की प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लेते जबकि अपने अंदर से डर को निकालने के लिए विद्यार्थी के पास सही समय होता है।

### ये रहे परिणाम

प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान आदर्श महिला महाविद्यालय भिवानी की बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा कुमारी गुलशन ने प्राप्त किया, द्वितिय स्थान वैश्य महिला महाविद्यालय रोहतक की एमएससी फाइनल की छात्रा कुमारी अन्नु ने प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान छोटू राम किशान कॉलेज जीन्द की बीएससी तृतीय वर्ष छात्रा कुमारी अंकिता ने प्राप्त किया। संयोजक डॉ. श्रुति रानी एवं आयोजक सचिव डॉ. सीमा बंसल ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

**Online Writing Competition On Progress And Challenges Of Women In Mathematics**